उत्पाद विभाग की छापेमारी में लाखों की नकली अंग्रेजी शराब बरामद, होली में खपाने की थी योजना

धनबाद: उत्पाद विभाग ने महुदा में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद की है. छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 198 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है. बरामद नकली शराब की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है. जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान इस नकली शराब को खपाने की योजना थी. लेकिन उत्पाद विभाग की सक्रियता के कारण इसे पकड़ लिया गया.

आरोपी फरार

सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि महुदा के छोटू महतो नामक व्यक्ति के आवास पर नकली विदेशी शराब का कारोबार चल रहा है. जिसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी की. हालांकि, छोटू महतो को छापेमारी की भनक पहले ही लग गयी थी, जिसके कारण वह अपने आवास में ताला लगाकर भागने में सफल रहा. विभाग ने उनके बंद घर का ताला तोड़कर जांच की. जिसमें छत के एक छोटे से छेद में बाईस पाव नकली अंग्रेजी शराब पड़ी मिली, जिसे उत्पाद विभाग ने जब्त कर लिया है. आरोपी के खिलाफ उत्पाद विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज करायी गयी है.

होली को देखते हुए अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

आपको बता दें कि होली को देखते हुए अवैध शराब कारोबारी भी सक्रिय हो गये हैं. वैसे तो इनकी सक्रियता साल भर रहती है, लेकिन होली जैसे त्योहार का इन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है, क्योंकि होली के दौरान शराब की मांग बढ़ जाती है. होटलों में नकली शराब बेचकर ये अच्छी कमाई करते हैं. इनके अवैध कारोबार से सरकार को राजस्व का नुकसान तो होता ही है, लोगों को मौत का खतरा भी बना रहता है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/dhanbad-excise-department-recovered-huge-quantity-of-spurious-liquor-in-mahuda-jhs24022101177